# युवराज न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+04 तिथि : 04 मई 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## कोरोना को लेकर सीएम नीतीश कुमार की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सचिव समेत कई अधिकारी रहे मौजूद



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

पटना में रविवार को सीएम नीतीश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूचना जन–सम्पर्क विभाग के सचिव, स्वास्थ्य विभाग के सचिव समेत कई अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की.

सूचना जन–सम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के निर्देशानुसार बाहर से आने वाले लोगों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है. ब्लॉक क्वारंटाइन और पंचायत स्तरीय स्कूलों के क्वारंटाइन में भी आवासन, भोजन एवं चिकित्सीय व्यवस्था का संचालन पूरी निगरानी के साथ किया जा रहा है.

उन्होंने बताया कि नोडल ऑफिसर के जरिए ट्रेन शिड्यूल के बारे में जो जानकारी मिली है. उसके अनुसार आज एक ट्रेन जयपुर से दानापुर पहुंची है. केरल के एर्नाकुलम से और त्रिरुर से दो ट्रेनें व कोटा से दो ट्रेनें बरौनी के लिए और एक ट्रेन गया के लिए भी जल्द खोली जा रही है. इसके अलावा कन्नूर से एक ट्रेन और







कोझिकोड से एक ट्रेन चलने की संभावना है. बेगलुरू से भी दो ट्रेन चलने की संभावना है.

अनुपम कुमार ने कहा कि बिहार में 201 आपदा राहत केन्द्र चलाए जा रहे हैं, जिसका लाभ 60 हजार से ज्यादा लोग उठा रहे हैं. पंचायत स्तर पर स्थित 1353 क्वारंटाइन सेंटर में 13 हजार 600 लोग आवासित हैं, जिन्हें भोजन और चिकित्सीय सुविधा मुहैया करायी जा रही है.

लॉकडाउन के कारण बिहार के बाहर फंसे बिहार के लोगों के अब तक 18 लाख 78 हजार आवेदन जांच के बाद सही पाए गए हैं जिनके खाते में 1000 रुपये की राशि भेज दी गई है. शेष आवेदनों की जांच भी लगभग पूर्ण हो गई है, जिनके खाते में राशि जल्द ही अंतरित कर दी जाएगी.

## देश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 42533 हजार के पार, 1373 लोगों की मौत, 11706 लोग ठीक होकर वापस लौटे



सुनील चौधरी,
संवाददाता, नई दिल्ली




कोरोनावायरस के कारण भारत में अब तक 1373 लोगों की मौत हैं, जबकि इस वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 42533 हजार के पार जा चुकी है. बीते 24 घंटे में तकरीबन 2500 कोरोना के पॉजिटिव मामला सामने आया है. वहीं अब यह वायरस सेना के जवान को भी चपेट में लेना शुरू कर चुकी है. रविवार को बीएसएफ के 25 जवान कोरोनावायरस से संक्रमित निकला. दुनिया की बात करें तो, पूरी दुनिया में कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या 2.5 लाख के करीब पहुंच गयी है. वहीं, पॉजिटिव मरीजों की संख्या 30 लाख से अधिक हो गयी है.

देशभर में लगी लंबी लाइनें

देशभर में सामान खरीददारी करने को लेकर लोग सड़कों पर उतर आये हैं. देश के कई हिस्सों से इस तस्वीरें सामने आने लगी है. हालांकि इस खरीददारी में भी लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए नजर आ रहे हैं.

मरीजों की संख्या 42 हजार के पार

देश में कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या 1373 हो गयी है. पिछले 24 घंटे में 67 लोगों की मौत हुई है. भारत में अब कोरोन. ावायरस संक्रमित मरीजों की संख्या 42533 पर पहुंच गयी है. वहीं डिस्चार्ज होने वालों की संख्या भी बढ़कर 11706 हो गयी है.

## सोनिया गांधी का ऐलान- लॉकडाउन में घर जाने वाले मजदूरों की रेल यात्रा का पूरा खर्च उठाएगी कांग्रेस, वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि 50 ट्रेन का खर्च उठाएगा राजद



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों की वजह से आज से देशभर में लॉकडाउन के तीसरे फेज की शुरुआत हो चुकी है. लॉकडाउन में फंसे प्रवासी मजदूरों को उनके गृह राज्य तक पहुंचाने के लिए रेलवे के किराया लेने का फैसला सरकार और विपक्ष के बीच टकराव की नई वजह बन गया है. ऐसे में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ऐलान किया कि मजदूरों, कामगारों के घर लौटने की रेल यात्रा का खर्च कांग्रेस उठाएगी.

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए देशभर में जारी लॉकडाउन को 17 मई तक बढ़ाया गया है. कांग्रेस के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, 'कांग्रेस अध्यक्षा, श्रीमती सोनिया गांधी का बयान–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की हर इकाई हर जरूरतमंद श्रमिक व कामगार के घर लौटने की रेल यात्रा का टिकट खर्च वहन करेगी व इस बारे जरूरी कदम उठाएगी.'

वहीं दूसरे प्रदेशों में फंसे बिहारी मजदूरों को गृह राज्य लाने के लिए नेता प्रतिपक्ष व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान किया है. तेजस्वी यादव ने कहा है कि वह बिहारी मजदूरों को लाने के लिए 50 ट्रेनों का किराया देने को तैयार हैं. तेजस्वी ने कहा कि आरजेडी शुरुआती तौर बिहार सरकार को अपनी तरफ से 50 ट्रेन देने को तैयार है. सरकार पांच दिनों में ट्रेनों का बंदोबस्त करें. पार्टी इसका किराया तुरंत सरकार के खाते में ट्रांसफर करेगी.

## रविवार को मिले सभी चारों कोरोना पॉजिटिव मरीजों को मोतिहारी स्थित डायट भवन के आइसोलेशन सेंटर में किया जा रहा है शिफ्ट, गांवों को किया जा रहा है सील



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




रविवार को मिले सभी चारों कोरोना पॉजिटिव मरीजों को मोतिहारी स्थित डायट भवन के आइसोलेशन सेंटर में शिफ्ट किया गया है। डीएम कपिल अशोक शीर्षत एवं एसपी नवीन चंद्र झा संक्रमित चारों के गांव पहुंचे। उनके निर्देश पर गांवों को सील किया जा रहा है। एक हीं परिवार के तीन लोग कोरोना संक्रमित है। जिसमें पति पत्नी व चचेरा भाई शामिल है। तीनों लोग दिल्ली से कैंसर पीड़ित मरीज व उसकी पत्नी को एंबुलेंस से लेकर मोतिहारी पहुंचे थे। कैंसर पीड़ित व उसकी पत्नी की रिपोर्ट निगेटिव है। हालांकि डीएम ने कैंसर पीड़ित का दुबारा सैंपल लेने का निर्देश दिया है। इधर पकड़ीदयाल की महिला भी अपनी मां, पिता व भाई के साथ भोपाल से आई थी।

गौरतलब है कि पूर्वी चम्पारण मे मिले चार नये कोरोना पॉजिटिव मरीजों मे से तीन शिकारगंज (बेला) के रहने वाले हैं जबकि एक पकड़ीदयाल के चौता पंचायत की महिला है। शिकारगंज के तीन लोगों मे से पति पत्नी और पति का चचेरा भाई बताया गया है। पत्नि का मायके मोतिहारी शहर के मिस्कॉट मोहल्ला मे है। बताया जा रहा हैं की इन तीनों के अलावा दो अन्य लोग (जो कोरोना पॉजिटिव महिला के माता पिता है) यानि कुल पांच लोग दिल्ली से एम्बुलेंस के जरिये मोतिहारी पहुंचे थे। जिसके बाद महिला के माता पिता मोतिहारी मे ही मिस्कॉट स्थित अपने घर पर रह गए जबकि तीन अन्य लोग शिकार गंज चले गए।

दिल्ली से पूर्वी चम्पारण पहुंचे इन पांचो लोगों का सैंपल लेकर टेस्ट के लिए भेजा गया था। जिसमें से तीन लोग पति पत्नी और चचेरे भाई का रिजल्ट पॉजिटिव आया है। जबकि दो अन्य लोग जो मोतिहारी मे रुक गए उनकी रिपोर्ट नेगेटिव है।

उधर पकड़ीदयाल के चौता की कोरोना पॉजिटिव महिला भोपाल से मोतिहारी पहुंची थी। जिसके बाद वह अपने गाँव गई थी। खबर के मुताबिक मोतिहारी मे यह महिला अपने डेरा पर रुकी थी। कोरोना पॉजिटिव ये सभी लोग होम क्वारंटीन थे। जिला प्रसाशन के लोग इन सभी के ट्रेवल हिस्ट्री और इनके संपर्क मे आये लोगों की डिटेल्स लेकर तहकीकात कर रहे है।

## बिहार में लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर 12 करोड़ का काटा गया चालान, 55 हजार वाहन जब्त



रिंकू गिरी,
संवाददाता




लॉकडाउन 2 को सफल बनाने के लिए बिहार पुलिस के जवान पूरी तरह से सरकार के निर्देशों का पालन कर रहे हैं. लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले कुल 1 हजार 782 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है. वहीं अभी तक पूरे बिहार में 1 हजार 782 लोगों की गिरफ्तारी की गई है. बता दें 4 मई से लॉक डाउन 3.0 की शुरुआत होने जा रही है.

**55 हजार वाहन जब्त**

पुलिस मुख्यालय ने लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले पूरे बिहार का आंकड़ा जारी करते हुए बताया कि 24 मार्च से रविवार तक कुल 1 हजार 782 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है. वहीं 1 हजार 782 ला. गों की गिरफ्तारी की गई है. इस दौरान 55 हजार 293 वाहनों को जब्त किया गया है. साथ ही 12 करोड़ 40 लाख 12 हजार 974 रुपये का फाइन काटा गया है.

**मोतिहारी में जिला पुलिस द्वारा लॉक डाउन का अनुपालन एवं वाहनों की चेकिंग पूरी मुस्तैदी से**

इधर मोतिहारी में जिला पुलिस द्वारा लॉक डाउन का अनुपालन एवं वाहनों की चेकिंग पूरी मुस्तैदी से की जा रही है. स्थानीय गांधी चौक पर सबइंस्पेक्टर नितीन कुमार के नेतृत्व में सिपाही विशेष सिंह, सुमन्त सिंह, शैलेंद्र कुमार, गौतम कुमार, प्रह्लाद कुमार एवं मनोज कुमार ने दर्जनों दुपहिया वाहनों को जांच के बाद रोककर फाईन लेने की कार्रवाई की. वही लॉक डाउन का उलंघन करनेवालों को कान पकड़कर उठक बैठक

## प्रदेश में लॉकडाउन हुआ और सख्त, गृह विभाग ने जारी किए निर्देश



अफजल आलम
न्यूज टुडे,





प्रदेश में लॉक डाउन और सख्त हो गया है. बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों और छात्रों के बिहार आने के कारण लॉक डाउन को और सख्ती के साथ लागू किया गया है. इस दौरान कोई भी दुकान नहीं खुलेगी. अगले आदेश तक ये स्थिति बनी रहेगी. गृह विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं.

**किसी भी तरह की सुविधा में कोई रियायत नहीं**

केंद्र सरकार की गाइडलाइन के बाद लॉक डाउन को सख्ती से लागू करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं. इसके तहत राज्य के सभी रेड जोन में किसी भी तरह की सुविधा में कोई रियायत नहीं होगी. सभी प्रकार की दुकानें, उद्योग, सैलून,स्पा बन्द रहेंगे.इन इलाकों में किसी भी तरह की आवाजाही पर रोक रहेगी. दूध–राशन, सब्जियां किसी भी तरह की दुकानें नहीं खुलेंगी. इन हालातों में आवश्यक चीजों का दर्जा देने का अधि ाकार डीएम को सौंपा गया हैं. इस सिलसिले में सभी जिलों के डीएम को निर्देश दे दिए गए हैं.

## प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति की भरपाई के लिए किसानों को मिलेगी अनुदान राशि : सुशील मोदी



संतोष राऊत न्यूज टुडे,




देश में लागू लॉकडाउन के बीच किसानों के लिए राहत की खबर है. उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति की भरपाई के लिए राज्य सरकार ने 578.42 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है. वहीं, राज्य फसल सहायता योजना के तहत 3.44 लाख किसानों को खरीफ 2019 के दौरान उपज में हुई कमी के लिए 247.06 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है. इसके पहले 2018 में 4.53 लाख किसानों को 368.64 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है.

उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां बीमा की तरह लागू फसल सहायता योजना का लाभ पीएम किसान सम्मान, फसल क्षति अनुदान व डीजल अनुदान के अतिरिक्त रैयत और गैररैयत दोनों श्रेणी के किसानों को दिया जा रहा है. इसके लिए उन्हें कोई प्रीमियम नहीं देना पड़ता है. जबकि पहले की फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को प्रीमियम के तौर पर अपना अंशदान देना पड़ता था.

डिप्टी सीएम ने बताया कि इस योजना के तहत 7 साल के औसत उपज की तुलना में 1–20 प्रतिशत तक की कमी होने पर प्रति हेक्टेयर 7,500 रुपये की दर से अधिकतम दो हेक्टेयर के लिए 15,000 और 20 प्रतिशत से ज्यादा की कमी की स्थिति में प्रति हेक्टेयर 10 हजार की दर से अधिकतम दो हेक्टेयर के लिए 20 हजार रुपये की सहायता दी जाती है.

## स्नातकोत्तर कला - इतिहास - सेकेंड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए विभागीय वाट्सएप ग्रुप एवं फेसबुक टाइमलाइन पर नियमित पाठ्य सामग्रियां डाली जा रही है



सम्राट, संवाददाता




कोरोना काल में स्नातकोत्तर स्तरीय छात्र–छात्राओं के लिए विभागीय वाट्सएप ग्रुप एवं फेसबुक VkbeykbuA @brabuhistorydeptt पर विगत दिनांक 4 अप्रैल, 2020 से नियमित पाठ्य सामग्रियां डाली जा रही है। बी.आर.अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर स्थित विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डा.) अजीत कुमार ने बताया कि अभी तक वाट्सएप ग्रुप में 45 आलेख और फेसबुक टाइमलाइन पर एक दर्जन शैक्षणिक वीडियो डाले जा चुके है।

अगले एक पखवाड़े तक लाकडाउन विस्तार को देखते हुए उन सभी छात्राओं को,जो अभी तक वाट्सएप ग्रुप से नहीं जुड़ पाएं हैं, समाचार पत्रों के माध्यम से भी सूचित करने की पहल की जा रही है कि वे शीघ्रातिशीघ्र मोबाइल न. 9507079899 पर अपने नामांकन पर्ची की फोटोप्रति भेज दें ताकि उन्हें भी अब तक मुहैया कराई जा चुकी सभी सामग्री क्रमवार भेजी जा सके।

विविध रुप से प्रेषित पाठ्य सामग्रियों तथा अन्य सूचनाओं के आघार पर विषयवार उच्च स्तरीय नोट्स तैयार करना और विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा के पूर्व इंटरनल एसेसमेंट हेतु सभी विद्यार्थियों के लिए इन्हें विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

लॉकडाउन अवधि में विद्यार्थियों की लगनशीलता तथा ज्ञानार्जन हेतु प्रर्दशित वैयक्तिक अभिरुचि के आधार पर दिये जाने वाले आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का निर्धारण इस बार एकमात्र एसाइन होम वर्क पर हीं सकेंद्रित होगा।

विभिन्न जिलों के उन तमाम महाविद्यालय, जहां इतिहास विषय की स्नातकोत्तर स्तरीय पढ़ाई होती है, के सम्मानित प्राचार्यों से भी अनुरोध किया गया है कि वे अपने यहां एम.ए. इतिहास में नामांकित छात्रों तक इस सूचना को उपलब्ध करवाने का कष्ट करेंगें।

## बिहार में कोरोना का ग्राफ तेजी से बढ़ा, कोरोना पॉजिटिवों की संख्या बढ़कर 526, अबतक 4 की मौत, पटना के दो बड़े होटलों को बनाया गया अस्पताल

न्यूज टुडे टीम अपडेट : पटना, बिहार :

बिहार में कोरोना का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है. राज्य में 19 अप्रैल के बाद से कोरोना पॉजिटिवों की संख्या में प्रतिदिन दो अंकों में वृद्धि दर्ज की गयी है. राज्य में 8 नये कोरोना मरीज मिले.इसके साथ ही राज्य में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या बढ़कर 526 हो गयी है. वहीं, शिवहर जिला कोरोना संक्रमित होनेवाला राज्य का 31वां जिला बन गया है. स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार ने बताया कि रविवार को 12 जिलों में कोरोना के नये पॉजिटिव पाये गये हैं. राज्य के पांच जिले रेड जोन में हैं. बाकी सभी जिले ऑरेंज जोन में हैं. बिहार में एक भी ग्रीन जोन नहीं है.




**पटना के दो बड़े होटलों को बनाया गया अस्पताल**

पटना के कोरोना मरीजों को इन दिनों शानदार होटलों में रखा जा रहा है. उन्हें वीवीआइपी सुविधाएं मिल रही है. सरकार से मिल रही इन बेहतरीन सुविधाओं को पाकर कोरोना मरीज खुश है. पटना में मरीजों को होटलों में रखने का यह प्रयोग देश भर के लिए एक मिसाल बन गया है. शहर के दो बड़े होटलों में रखकर उनका इलाज हो रहा है. बेली रोड राजाबाजार स्थित होटल एवीआर व इन्कम टैक्स गोलंबर के पास स्थित होटल पाटलिपुत्र अशोक को करीब एक सप्ताह पहले इसके लिए अस्थायी अस्पताल में बदल दिया गया है.


रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272



Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830